# डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
# DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
## (Formerly UP Technical University)

सेक्टर-11, जनकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031 Sector-11, Jankipuram Extionsion Yojna , Lucknow


पत्रांकः डा.ए.पी.जे.अ.क.प्रा.वि. / कुस.का. / प्रो.वी.सी. / 2020 / 91 दिनांकः 30 सितम्बर, 2020

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0ए0पी0जे0अ0क0प्रा0वि0वि0, लखनऊ से सम्बद्ध /
घटक संस्थान।

विषयः—विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 द्वारा "राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित" प्रतियोगिता आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

राज्यपाल सचिवालय के पत्र संख्या— ई—5534 / जी0एस0 दिनांक 22 सितम्बर, 2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। संबन्धित पत्र में अवगत कराया गया है कि **विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 द्वारा "राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित" एक प्रतियोगिता** आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के बारे में तथ्यपरक वस्तु की जानकारी तथा उससे जुड़े विषयों में विभिन्न प्रकार के स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोंगिता आन—लाइन है और इसमें विद्या भारती द्वारा निर्मित App MyNEP डाउनलोड करके या बेबसाइट www.mynep.in पर इसमें पंजीयन कराकर स्वयं को जोड़ा जा सकता है। यह प्रतियोगिता विभिन्न स्तरों पर है। उच्च शिक्षा के दृष्टिगत इसमें स्नातक एवं परास्नातक की श्रेणी है तथा शिक्षकों की एक दूसरी श्रेणी भी है, (जो पत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत है)।

अतः आपके संस्थान से जुड़े विभिन्न शिक्षकों तथा स्नातक एवं परास्नातक छात्रों को इस App के माध्यम से पंजीयन करायें तथा इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग लें। तत्क्रम में आपसे यह भी अनुरोध है कि सभी छात्रों / शिक्षकों को अपने स्तर से सूचित करें, जिससे कि उक्त प्रतियोगिता में अधिकतर छात्रों / शिक्षको की सहभागिता हो सकें।

भवदीय,

(प्रो0 विनीत कंसल)
प्रति कुलपति

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. वित्त अधिकारी, ए.के.टी.यू., लखनऊ।
2. कुलसचिव, ए.के.टी.यू., लखनऊ।
3. समस्त अधिष्ठाता, ए.के.टी.यू., लखनऊ।
4. परीक्षा नियंत्रक, ए.के.टी.यू., लखनऊ।
5. मीडिया प्रभारी, ए.के.टी.यू., लखनऊ।
6. जन सम्पर्क अधिकारी, ए.के.टी.यू., लखनऊ।
7. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय, के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 विनीत कंसल)
प्रति कुलपति

# राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश
## लखनऊ – 226027

संख्याः ई–5534/जी0एस0
दिनांक 22 सितम्बर, 2020

प्रेषक,

राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त कुलपति,
उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय

विषयः– राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के बारे में गहन जानकारी

महोदय,

विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 द्वारा "राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित" एक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के बारे में तथ्यपरक वस्तु की जानकारी तथा उससे जुड़े विषयों में विभिन्न प्रकार के स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता आन–लाइन है और इसमें विद्या भारती द्वारा निर्मित App MyNEP डाउनलोड करके या बेबसाइट www.mynep.in पर इसमें पंजीयन कराकर स्वयं को जोड़ा जा सकता है। यह प्रतियोगिता विभिन्न स्तरों पर है। उच्च शिक्षा के दृष्टिगत इसमें स्नातक एवं परास्नातक की श्रेणी है तथा शिक्षकों की एक दूसरी श्रेणी है।

उपरोक्त तथ्य आपके संज्ञान में लाते हुए आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया आपके विश्वविद्यालय में तथा आपके विश्वविद्यालय से जुड़े सभी संस्थानों में विभिन्न शिक्षकों तथा स्नातक एवं परास्नातक छात्रों को इस App के माध्यम से पंजीयन कराने तथा इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नः– यथोपरि

भवदीय,

( महेश कुमार गुप्ता )
राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

प्रतिलिपि विद्या भारती पूर्वी, उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

# विद्या भारती पूर्वी उ.प्र.

## VIDYA BHARTI MyNEP COMPETITION

(राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित)

**ातक एवं परास्नातक (महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए)**

पंजीकरण– 11 सितम्बर से 24 सितम्बर तक

प्रतियोगिता– 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक

**आकर्षक पुरस्कार अखिल भारतीय स्तर पर**

### प्रतियोगिता की Themes

भारत केन्द्रित शिक्षा – समग्र शिक्षा

ज्ञान आधारित समाज – गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

### प्रतियोगिताएँ

. लघु चलचरित्र (अधिक्तम सीमा समय 2 मिनट 20 सेकण्ड)

. डिजिटल पोस्टर बनाओ 3. चित्रकारी / हस्तनिर्मित पोस्टर

. ट्विटर थ्रेड (न्यूनतम 8 ट्वीट) 5. मीम बनाओ

**ातियोगिता हेतु www.mynep.in पर पंजीकृत कराये**

### विशेष

- प्रतिभागी एक पंजीकरण से सभी प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है परन्तु एक अकाउंट से किसी एक प्रतियोगिता में एक बार ही भाग ले सकता हैं।
- प्रतियोगिता की प्रविष्टि में #MyNEP को सम्मिलित करना आवश्यक हैं।
- ट्रेडमार्क एवं प्रतिबंधित सामग्री को लेकर सोशल मीडिया के सभी नियम बाध्य होंगे।
- सभी सहभागियों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा।


# विद्या भारती पूर्वी उ.प्र.

## VIDYA BHARTI MyNEP COMPETITION

(राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित)


**शिक्षक सहित सभी नागरिकों के लिए**


पंजीकरण– 11 सितम्बर से 24 सितम्बर तक

प्रतियोगिता– 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक

**आकर्षक पुरस्कार अखिल भारतीय स्तर पर**

### प्रतियोगिता की Themes

– भारत केन्द्रित शिक्षा – समग्र शिक्षा

– ज्ञान आधारित समाज – गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

### प्रतियोगिताएँ

1. लघु चलचरित्र (अधिक्तम सीमा समय 2 मिनट 20 सेकण्ड)
2. डिजिटल पोस्टर बनाओ 3. चित्रकारी / हस्तनिर्मित पोस्टर
4. ट्विटर थ्रेड (न्यूनतम 8 ट्वीट) 5. मीम बनाओं

**प्रतियोगिता हेतु www.mynep.in पर पंजीकृत कराये**

### विशेष

- प्रतिभागी एक पंजीकरण से सभी प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है परन्तु एक अकाउंट से किसी एक प्रतियोगिता में एक बार ही भाग ले सकता है।
- प्रतियोगिता की प्रविष्टि में #MyNEP को सम्मिलित करना आवश्यक हैं।
- ट्रेडमार्क एवं प्रतिबंधित सामग्री को लेकर सोशल मीडिया के सभी नियम बाध्य होंगे।
- सभी सहभागियों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा।